# श्रमायुक्त कार्यालय, मध्यप्रदेश शासन, इन्दौर

क्रमांक 1/11/अन्वे./पांच/2024/ 6445–6650 इन्दौर, दिनांक 31 /03 /2026

## अधिसूचना

**विषय – न्यूनतम वेतन अधिनियम,1948 के अंतर्गत राज्य के श्रमिकों के लिए दि. 01.04.26 से 30.09.2026 तक परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते सहित पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन की दरें।**

संदर्भ - इस कार्यालय की समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक 24866-25105 दिनांक 01.10.2025 के अनुक्रम में दिनांक 01.04.2026 से 30.09.2026 तक परिवर्तनशील महगाई भत्ते सहित देय न्यूनतम वेतन दरें ।

-0-

मध्यप्रदेश असाधारण राजपत्र क्रमांक 68 दिनांक 04 मार्च,2024 के पृष्ठ क्रमांक 135, 136 एवं 136(1) से 136(41) पर प्रकाशित श्रम विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ.4(बी)1/2014/ए-16 के अनुसार राज्य के विभिन्न अनुसूचित नियोजनों के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की दरें पुनरीक्षित की गई है, जो अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 311 (जनवरी से जून, 2019) 2001= 100 को आधार मानकर संबद्ध की गई है, जो दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से लागू है।

उल्लेखनीय है कि सूचकांक 311 (जनवरी से जून,2019) 2001=100 के आधार पर दिनांक 1.10.2019 से देय परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता अकुशल श्रमिक रूपये 1450/- तथा उच्च कुशल, कुशल एवं अर्द्धकुशल श्रमिक रूपये 1750/- को पुनरीक्षित न्युनतम वेतन दरों में जोडकर श्रम विभागीय अधिसूचना दिनांक 04 मार्च, 2024 द्वारा न्यूनतम वेतन दरें पुनरीक्षित की गई है। अतः सूचकांक 311 के ऊपर सूचकांक में हुई वृद्धि के अनुसार, 01 अप्रैल अथवा 01 अक्टूबर जैसी भी स्थिति हो, परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता, पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन दरों के साथ देय होगा।

उपरोक्त विषयांतर्गत अनुसूचित नियोजनों की सूची में क्रमांक 1 से 36, 39 से 55 तथा 57 से 66, 68 एवं 70 से 72 तक कुल 67 नियोजनों में न्यूनतम वेतन की दरें अभी तक घोषित परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते को विनियोजित करते हुए प्रभावशील की गई है। माह जुलाई से दिसम्बर,2025 की छः माही का औसत सूचकांक 425 रहा है, अतः इसके कारण गत छः माही में मान्य किये गये अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के औसत (414) के उपर (425-414) = 11 औसत बिन्दु की वृद्धि हुई है। फलस्वरूप **दिनांक 01.04.2026 से 30.09.2026** तक जारी दरें निम्नानुसार रहेगी:-

### अनुसूची – अ (खण्ड - ब)

67 अनुसूचित नियोजन में मासिक एवं दैनिक वेतन की दरें जिसमें परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सम्मिलित है।

(26 दिन के मान से) (आंकडे रूपये में)

| श्रमिकों का वर्ग | न्यूनतम वेतन | | परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता | | कुल वेतन | | राउंडअप कर दैनिक दर रूपये प्रतिदिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | |
| अकुशल | 9575 | 368.27 | 2850 | 109.62 | 12425 | 477.89 | 478 |
| अर्द्धकुशल | 10571 | 406.58 | 2850 | 109.62 | 13421 | 516.20 | 516 |
| कुशल | 12294 | 472.85 | 2850 | 109.62 | 15144 | 582.47 | 582 |
| उच्चकुशल | 13919 | 535.35 | 2850 | 109.62 | 16769 | 644.97 | 645 |